 Roll No. …………………..

CMM–104

Advertising

(विज्ञापन)

Certificate in Mass Media (CMM-16/17)

First Semester, Examination, 2017

Time : 3 Hours **Max. Marks : 40**

नोट : यह प्रश्न पत्र चालीस (40) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े नौ ($9\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. विज्ञापन बनाने के दौरान विज्ञापन निर्माताओं को किन-किन चीजों को ध्यान में रखना चाहिए ? चर्चा कीजिए।
2. विज्ञापनों के बढ़ते इस्तेमाल से समाज पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? टिप्पणी लिखिए।

3. विज्ञापनों के लिए बनीं अचार संहिता के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए।

4. विज्ञापन कितने प्रकार के होते हैं ? विस्तार से बताइये।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार (04) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. विज्ञापन एजेंसियाँ क्या काम करती हैं ?

2. ग्रमीण क्षेत्रों में प्रसार के लिए विज्ञापन के कौन-कौन-से माध्यम सबसे उचित हैं ?

3. क्या सरकार को अपनी उपलब्धियों के प्रसार के लिए विज्ञापनों का इस्तेमाल करना चाहिए ?

4. मीडिया विज्ञापनों पर क्यों निर्भर है ?

5. रेडियो विज्ञापनों की क्या सीमाएँ हैं ?

6. प्रिंट मीडिया की विज्ञापनों से होने वाली आय में हिस्सेदारी क्यों कम होती जा रही है ?

7. क्या शराब कम्पनियों के हर तरह के विज्ञापन पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए ? टिप्पणी कीजिए।

8. टेलीविज़न विज्ञापनों की विशेषताएँ बताइये।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा $\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी—टैगलाइन किस कम्पनी की है ?
2. देश का नमक—किस ब्राण्ड की टैगलाइन है ?
3. द टेस्ट ऑफ इंडिया—किस संस्था की टैगलाइन है ?
4. भारत में मौजूद किसी अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञापन एजेंसी का नाम बताइये।
5. ए. एस. सी. आई. (ASCI) क्या है ?
6. विज्ञापन कॉपी लेखन किसे कहते हैं ?
7. आउटडोर विज्ञापन से आप क्या समझते हैं ?
8. क्लासीफाइड विज्ञापन क्या होते हैं ?
9. डिजीटल विज्ञापन क्या होते हैं ?
10. संस्थागत विज्ञापन का उदाहरण दीजिए।